आ जाओ सारे मिलके,
श्री श्याम को रिझायें,
श्री श्याम प्रेमियों से,
मिलने मिलाने आए।।

ऐसा सुनहरा मौका,
शायद दिखे दोबारा,
श्री श्याम की कृपा से,
देखा है ये नज़ारा,
ये प्यार सांवरे का,
ये प्यार सांवरे का,
सबकी समझ ना आए,
आ जाओ सारें मिलके,
श्री श्याम को रिझायें।।

शहनाई बज रही है,
वो मुरली बजा रहा है,
सब श्याम प्रेमियों को,
बाबा बुला रहा है,
झोली भरेंगे सबकी,
झोली भरेंगे सबकी,
जैसी जो अर्ज़ी लाए,
आ जाओ सारें मिलके,
श्री श्याम को रिझायें।।

ऊँगली पकड़ के जिनकी,
हमने ये राह पाई,
गुरु काशीराम जी से,
हमने ये प्रीत पाई,
बीता वो हर नज़ारा,
बीता वो हर नज़ारा,
हमको वो याद आए,
आ जाओ सारें मिलके,
श्री श्याम को रिझायें।।

आ जाओ सारे मिलके,
श्री श्याम को रिझायें,
श्री श्याम प्रेमियों से,
मिलने मिलाने आए।।

Singer Sachin Kedia

Source:
https://www.bharattemples.com/aa-jao-saare-mil-ke-shri-shyam-ko-rijhaye/

Bharat Temples

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App

https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw